प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.08.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आख़िरी दिन शून्यकाल की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। भाकपा माले विधायक चंद्रदेव महतो ने 15वें वित्त आयोग की राशि पंचायतों को न मिलने की समस्या सरकार के सामने रखी। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि 2024–25 और 2025–26 की राशि केंद्र से नहीं मिली है, लेकिन प्रक्रिया पूरी कर दी गई है और राशि मिलते ही पंचायतों को उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज में अलग–अलग तरीके से सेवारत शिक्षकों के समायोजन का मामला उठाया। इसके बाद सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही फिर जारी है।

****

रांची के एक निजी अस्पताल में इलाजरत मंत्री हफ़ीजुल हसन को देखने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कई मंत्री पहुंचे। डॉक्टरों से जानकारी लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्थिति स्थिर है और परहेज की आवश्यकता है।

****

झारखंड सरकार के मंत्रियों सुदिव्य कुमार और इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी अंकित मिश्रा को गिरिडीह एसआईटी ने पटना से गिरफ्तार किया। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन–धन योजना की झलकियां साझा करते हुए बताया है कि कैसे इस योजना ने वित्तीय समावेशन से वंचित लोगों का वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरण कर पूरे भारत में जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है और यह प्रधानमंत्री जन–धन योजना से संभव हो पाया है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि इस योजना ने लोगों का सम्मान बढ़ाया है और उन्हें अपनी किस्मत खुद लिखने की क्षमता दी है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में आत्मा परियोजना के तहत जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने किया। मौके पर अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाने की जानकारी दी।

****

लोहरदगा व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लोगों को कानूनी जानकारी देने के लिए बैठक की गई। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

खूंटी के कर्रा प्रखंड के बकसपुर रेलवे स्टेशन टोली में जंगली हाथियों ने एक घर की दीवार तोड़ दी, जिसमें दबकर एक युवती और उनके 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। उनकी 7 वर्षीय बेटी घायल हो गई, जिसे कर्रा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वन विभाग को सूचना दे दी गई है।

****

राज्य की खेल राजधानी जमशेदपुर में नई राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है। जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित टाटा आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षु खिलाड़ियों का मानना है कि इस नीति से उनके खेल स्तर में सुधार होगा और आर्थिक सहयोग मिलने से वे बेहतर उपकरण खरीद पाएंगे। प्रशिक्षण दे रहे कोच रणजीत गोप का कहना है कि इस नीति को जन आंदोलन का रूप देने से ग्रासरूट स्तर से खिलाड़ी तैयार होंगे।

****

खेलो झारखंड के तहत पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा स्टेडियम में बैंड फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

****